गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 क्रमांक 25 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(NAAC द्वारा A++ ग्रेड मान्यता प्राप्त)
कोनी,बिलासपुर 495009(छ0ग0)
कार्यालय परीक्षा नियंत्रक
दूरभाष : 07752–260003,260000
ईमेलः controllerofexamsggv@gmail.com वेबसाईटः www.ggu.ac.in

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya,
(A Central University established by the central universities Act 2009 No.25 of 2009)
(A++ Grade Accredited by NAAC)
Koni, Bilaspur 495009 (G.G.)
Office of the Controller of Examinations
PH No. 07752-260003,260000
Email: controllerofexamsggv@gmail.com Website: ggu.ac.in

क्रमांक 173 / परीक्षा / 2025 बिलासपुर, दिनांक 27/06/2025

## कार्यालयीय ज्ञाप / Office Memorandum

विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययनशालाओं में संचालित स्नातक / स्नातकस्तर एवं स्नातकोत्तर / स्नातकोत्तरस्तर पाठ्यक्रमों (अभियांत्रिकी एवं तकनीकी अध्ययनशाला तथा फार्मेसी विभाग को छोड़कर) सी.बी.सी.एस. / राष्ट्रीय शिक्षा नीति **(एन.ई.पी.) विषम सेमेस्टर सत्र 2025–26 की मुख्य एवं ए.टी.के.टी. परीक्षाओं के लिए ऑनलाईन समर्थ पोर्टल के माध्यम से विषय चयन एवं परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने** हेतु तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती है:–

**(I) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) के अंतर्गत संचालित स्नातक तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर मुख्य एवं ए.टी.के.टी. परीक्षा के लिए :–**

| विवरण | तिथियां |
|---|---|
| विषय चयन हेतु निर्धारित अवधि | दिनांक 05 / 07 / 2025 से दिनांक **09 / 07 / 2025** तक |
| चयनित विषयों में सुधार हेतु अवधि | दिनांक 10 / 07 / 2025 से दिनांक **11 / 07 / 2025** तक |
| **परीक्षा आवेदन भरने की तिथि** | **दिनांक 14 / 07 / 2025 से दिनांक 24 / 07 / 2025 तक** |
| परीक्षा आवेदन पत्र **विलम्ब शुल्क रू. 250/-** के साथ जमा करने की तिथि | दिनांक 25 / 07 / 2025 से दिनांक **31 / 07 / 2025 (गुरूवार)** तक<br>**तत्पश्चात परीक्षा आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।** |

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) के अंतर्गत अध्ययनरत तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के छात्र / छात्राओं के लिए निर्देश :–**

विषय चयन से पूर्व निम्नलिखित विषय / वैकल्पिक विषय चयन का अवलोकन कर सावधानी पूर्वक प्रत्येक प्रकार के विषय का चयन कर सबमिट करेंगे।

| III Semester | V Semester |
|---|---|
| 1. Major 1st Paper | 1. Major 1st Paper |
| 2. Major 2nd Paper | 2. Major 2nd Paper |
| 3. VOC Paper | 3. Major 3rd Paper |
| 4. MDC Paper | 4. VOC Paper |
| 5. AEC Paper | 5. Internship |
| 6. SEC Paper | |
| Theory एवं Practical के सभी पेपर (कोर्स) का चयन करना है। | |

**(II) सी.बी.सी.एस. एवं अन्य सभी स्नातक / स्नातकस्तर तृतीय, पंचम, सप्तम एवं नवम सेमेस्टर मुख्य एवं ए.टी.के.टी. परीक्षा के लिए :–**

| विवरण | तिथियां |
|---|---|
| विषय चयन हेतु निर्धारित अवधि | दिनांक 05 / 07 / 2025 से दिनांक **09 / 07 / 2025** तक |
| चयनित विषयों में सुधार हेतु अवधि | दिनांक 10 / 07 / 2025 से दिनांक **11 / 07 / 2025** तक |
| **परीक्षा आवेदन भरने की तिथि** | **दिनांक 14 / 07 / 2025 से दिनांक 24 / 07 / 2025 तक** |
| परीक्षा आवेदन पत्र **विलम्ब शुल्क रू. 250/-** के साथ जमा करने की तिथि | दिनांक 25 / 07 / 2025 से दिनांक **31 / 07 / 2025 (गुरूवार)** तक<br>**तत्पश्चात परीक्षा आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।** |

निरंतर...........(02)

**(III) स्नातकोत्तर/स्नातकोत्तरस्तर तृतीय सेमेस्टर मुख्य एवं ए.टी.के.टी. परीक्षा के लिए :–**

| विवरण | तिथियां |
|---|---|
| विषय चयन एवं परीक्षा आवेदन भरने की तिथि | दिनांक 14/07/2025 से दिनांक 24/07/2025 तक |
| परीक्षा आवेदन पत्र विलम्ब शुल्क रू. 250/- के साथ जमा करने की तिथि | दिनांक 25/07/2025 से दिनांक 31/07/2025 (गुरूवार) तक<br>**तत्पश्चात परीक्षा आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।** |

1. संबंधित विभाग के द्वारा परीक्षा विभाग में छात्रों की रोल लिस्ट/सूची जमा करने की अंतिम तिथि – 04/11/2025 तक
2. परीक्षा प्रारंभ होने की संभावित तिथि – अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार
3. स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2024–25 के जिन प्रोग्राम का परीक्षा परिणाम विलम्ब से घोषित होने की स्थिति में परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि से 07 दिवस तक बिना विलम्ब शुल्क के विषय चयन/परीक्षा आवेदन ऑनलाईन जमा करेंगे।

टीपः–

1. उक्त परीक्षा हेतु विषय चयन/परीक्षा आवेदन पत्र समर्थ पोर्टल पर पूर्व की तरह ही भरे जायेंगे। **ऑनलाईन (Online)** विषय चयन/परीक्षा आवेदन पत्र भरने का लिंक https//ggv.samarth.edu.in है। समर्थ पोर्टल पर अपना Enrollment No. एवं Password का उपयोग कर लॉग इन करेंगे। **Examination** को क्लिक करेंगे फिर Registration और Submit को दबाकर आवेदन पूर्ण करेंगे। इस प्रकार रजिस्ट्रेशन होने के बाद छात्र/छात्राएं अपना विषय चयन/परीक्षा आवेदन पत्र उक्त निर्धारित अवधि में भरने के बाद, विषय चयन/परीक्षा आवेदन पत्र मुद्रण कर संबंधित अंकसूचियों, परीक्षा शुल्क जमा किये जाने संबंधी रसीद सहित हार्डकापी, अपने विभागाध्यक्ष के पास अनिवार्य रूप से जमा करेंगे।
2. यदि छात्र/छात्राओं को ऑनलाईन (Online) विषय चयन/परीक्षा आवेदन पत्र भरने में परेशानी हो तो अपने विभागाध्यक्ष अथवा परीक्षा विभाग के श्री कृष्ण कुमार राय (मोबाईल नं. 9340990639) पर कार्यालयीन दिवस/कार्यालयीन समय पर सम्पर्क कर सकते हैं। परीक्षा आवेदन पत्र भरने में परेशानी का निराकरण नहीं हो पाने की स्थिति में परीक्षा नियंत्रक से यथाशीघ्र संपर्क किया जा सकता है।
3. छात्रों से अनुरोध है कि वे अपना ऑनलाईन (Online) विषय चयन/परीक्षा आवेदन पत्र अंतिम तिथि से पूर्व भरना सुनिश्चित करें, अंतिम समय का इंतजार न करें।
4. निर्धारित समय के पश्चात एन.ई.पी. कोर्स/प्रोग्राम में विषय चयन/परीक्षा आवेदन पत्र संबंधी किसी भी प्रकार का त्रुटि सुधार संबंधित विभागाध्यक्ष/एन.ई.पी. समन्वयक के लिखित अनुशंसा पर निर्धारित तिथि तक ही सुधार हो सकेगी।
5. **निर्धारित समय–सीमा में विषय चयन नहीं करने की स्थिति में विभागाध्यक्ष, छात्र/छात्राओं को कक्षा से वंचित कर सकते हैं, जिसके लिए छात्र/छात्रा स्वयं जिम्मेदार होंगे।**
6. जो छात्र/छात्रा विषय चयन/परीक्षा आवेदन पत्र निर्धारित समय–सीमा में आनलाईन नहीं भरेंगे, ऐसे छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र मुद्रित नहीं होगा, **बिना प्रवेश पत्र के ऐसे छात्र/छात्रा को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं होगी एवं इसके लिए छात्र/छात्रा स्वयं जिम्मेदार होंगे।**
7. **छात्र/छात्रा प्रवेश पत्र, परीक्षा प्रारंभ होने की तिथि से 05 दिन पूर्व से डाउनलोड कर सकेंगे।**

निरंतर.............(03)

8. विभागाध्यक्ष, उनके विभाग के जो छात्र/छात्रा उक्त सेमेस्टर की परीक्षा में बैठने की पात्रता नहीं रखेंगे, उन छात्र/छात्राओं की सूची पृथक से **दिनांक 06.11.2025 तक अनिवार्य रूप से परीक्षा विभाग को सूचित करेंगे।**
9. प्रायः यह देखा गया है कि कुछ छात्र/छात्रा विषय चयन/परीक्षा आवेदन समय–सीमा में जमा नहीं करते हैं। अतः सभी विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि अपने विभाग के संबंधित सेमेस्टर के सभी छात्र/छात्राओं से निर्धारित समय–सीमा में विषय चयन/परीक्षा आवेदन पत्र भराया जाना सुनिश्चित करेंगें/करावाएंगे।

आदेशानुसार / By Order,

27-06-2025

परीक्षा नियंत्रक /
**Controller of Examinations**

पृ.क्रमांक 174 / परीक्षा / 2025 बिलासपुर, दिनांक 27/06/2025

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति एवं कुलसचिव जी के निज सचिव/शीघ्रलेखक की ओर मा. कुलपति/कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
2. अधिष्ठाता, समस्त अध्ययन शाला की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. विभागाध्यक्ष समस्त विभाग की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
5. समन्वयक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) एवं समन्वयक MOOCS की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. सहायक कुलसचिव, अकादमी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. प्रभारी (गोपनीय)–01 एवं 02 की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
8. मीडिया प्रभारी, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
9. वेबसाईट प्रभारी, परीक्षा विभाग की ओर वेबसाईट में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा) /**
**Assistant Registrar (Exam)**